Manisha Yadav 16.11.18

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

## Third Term Examination -2018

Sub: Hindi language | Class: V | F.M.:90
Duration: 2 Hours 30mins | Date : 15.11.18

**MODEL ANSWER**

GROUP-A

1.दिए गये शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखें : 1x5=5

सुबह( प्रातः , सवेरा , भोर ) ,हाथी( गज, करि, कुंजर ) , शाम(सायं, संध्या , सांझ ) , मित्र( मीत , दोस्त , सखा ) ,शेर(सिंह , वनराज , केसरी)

2.अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें :½ x10=5

देखने योग्य ( दर्शनीय ), अपना जीवन - चरित्र स्वयं लिखना( आत्मकथा) , जिसे भय न हो( निर्भय ) , जो टाला न जा सके( अटल ) , शक्ति के अनुसार ( यथाशक्ति), बोलने वाला( वक्ता ) , जो दूर की सोचे( दूरदर्शी) , जो कभी न मरे ( अमर), जिसका भाग्य अच्छा हो( सौभाग्यशाली) ,किसी के पास रखी दुसरे की वास्तु ( धरोहर )

3. दिए गये मुहावरों के अर्थ लिखकर उनसे वाक्य बनाएं : 1x4=4

प्राणों की बाज़ी लगाना( मरने के लिए तत्पर रहना ) , मूह में पानी आना( खाने की चीज़ को देखकर जी ललचाना ) , लगन का पक्का होना ( निश्चय का पक्का होन), पीठ थपथपाना ( शाबाशी देना )

4. दिए गये शब्दों के विलोम शब्द लिखें : 1/2x8=4

युद्ध( शान्ति) , रक्षक( भक्षक ) , राजा(रंक) , सरल( कठिन) , विस्तार( संक्षेप) , सख्त( नर्म) , स्वदेश( विदेश) , स्वाधीन(पराधीन)

5. समरूपी भिन्नार्थक शब्द : 1x5=5

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बुरा-ख़राब | बाग़ -बगीचा | पड़ना -आराम करना | दिन-दिवस | नीर-पानी |
| बूरा-पीसी शक्कर | बाघ -एक जानवर | पढना -पढाई -लिखी | दीन -दरिद्र | नीड-घोंसला |

6. योजक चिन्ह का इस्तमाल करते हुए २ वाक्य बनाये ? 2

चलते- चलते पहुँच ही जाएँगे ।

वह दिन-रात परिश्रम कर रहा है ।

**GROUP-B**

7.दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखें : 2x5=10

क) निजवाचक सर्वनाम के दो उदाहरण लिखें ।

स्वयं , अपने आप

ख) भाववाचक संज्ञा का इस्तमाल करते हुए २ वाक्य बनाये ?

हमारे स्कूल में चारो तरफ हरियाली छाई है

मनुष्य की सुन्दरता उसके मन से आती है

ग) ऐसे चार शब्द बताएं जिनका प्रयोग हमेशा बहुवचन में ही होता है ?

आंसू , हस्ताक्षर , प्राण , दर्शन

घ) संबोधन कारक की परिभाषा उदाहरण साहित लिखें ?

किसी को बुलाने या पुकारने के लिएजिन शब्दों का प्रयोग होता हो , वहां संबोधन कारक होता है । उदाहरण- अरे! तुम कितना शोर मचा रहे हो , मनु ! कृपया मेरी मदद करो ।

ड) परिमाणवाचक विशेषण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें ?

जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के माप-तोल के बारे में बताएं , वे परिमाण वाचक विशेषण होते हैं , जैसे : तीन किलो आटा दे दो , कमीज़ के लिए दो मीटर कपडा चाहिए ।

8. दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखें : ( किन्हीं 5 के उत्तर लिखें)

3x5=15

क) प्रश्नवाचक सर्वनाम के 2 वाक्य लिखें ?

कौन नहीं पहुंचा ?

यह पुस्तक किसकी है ?

ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा की परिभाषा लिखते हुए उदाहरण दें ?

जो शब्द किसी विशेष व्यक्ति , वास्तु तथा स्थान की जानकारी दे , उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं जैसे : ताजमहल , हिमालय , यमुना ।

ग) कारक की परिभाषा लिखते हुए उसके सभी भेदो के नाम बताये ?

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका सम्बन्ध वाक्य के दुसरे शब्दों से जाना जाता है , उसे कारक कहते हैं । कारक के ८ भेद होते हैं -करता कारक , कर्म कारक , करण कारक , सम्प्रदान कारक , अपादान कारक , सम्बन्ध कारक , अधिकरण कारक और संबोधन कारक ।

घ) "मिठाई" शब्द कौन सा विशेषण है ,परिमाण वाचक या संख्यावाचक ,कारण सहित उदाहरण देकर लिखें ?

मिठाई गिनी भी जा सकती है पर अधिकतर तौलकरही मिलती है । अतः यह दोनों ही है संख्यावाचक विशेषण और परिमाणवाचक विशेषण ।

ड) एक ऐसा वाक्य बनाये जिसमे सभी विराम चिन्हों का इस्तमाल हो ?

एक ऐसा वाक्य बनाये जिसमे आपने लगभग सभी विराम चिन्हों का इस्तमाल किया हो ।

च) तीन मुहावरों के इस्तमाल से एक वाक्य बनाये ?

पुलिस ने डाकू को पकड़ने के लिए कमर कास ली थी परन्तु डाकू उनके दांत खट्टे कर के नौ दो ग्यारह हो गये

छ) तोते की कहानी नामक पाठ में लेखक ने किस बुराई की ओर संकेत किया है ?

पाठ में बताई हुई सामाजिक बुराइयों का विस्तार से वर्णन करे

## GROUP-C

9. किसी एक विषय पर निबंध लिखें : 10

क) मेरे माता -पिता का ऐसा सपना जो मैं पूरा करना चाहता हूँ ..........

ख) मेरे घर का सबसे पसंदीदा कोना .......

भूमिका , मूल बिन्दुओं का विस्तार से वर्णन , उपसंघार...

10.मधु कलश 5x2=10

क) व्यापारियों ने मर्यादाराम से क्या फ़रियाद की ?

भारी नुक्सान सहने के डर से व्यापारियों ने क्या किया उसका विस्तार से वर्णन करें...

ख)नाई दहाड़ मार कर क्यों रोने लगा ?

राजा द्वारा पकड़े जाने पर नाइ के डर का वर्णन करें ....

11. पत्र: आपसे विद्यालय का गमला टूट गया है इसलिए प्रधानाचार्य को क्षमा -याचना करते हुए पत्र लिखिए 10

पत्र के प्रारूप के आधार पर लिखे गये उत्तर पर विचार किया जाएगा ..

12. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान से पढे और दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखें 2x5=10

बहुत समय की बात है । एक गाँव में एक किसान रहता था ।वह पढ़ा लिखा नहीं था ।जब वह छोटा था , एक दिन वह एक माचिस के डिब्बे के साथ खेल रहा था । वह उस समय पुस्तकालय में था । उसने एक माचिस को जला क्र रखा था । तब उसके मित्र ने माचिस को किताबों पर रखा और सारी किताबें जल गयी ।अध्यापक ने उन दोनों को स्कूल से निकाल दिया । अब वह किसान 40 साल का हो गया था । उसकी पत्नी बीमार होकर 10 साल पहले ही मर चुकी थी । उसका एक ही पुत्र था , जिसका नाम था रमेश । रमेश पढ़ा लिखा था , परन्तु वह आलसी था और उसको कोई नौकरी नहीं मिली थी । वे बहुत गरीब थें

एक दिन किसान को शहर से एक पत्र मिला जिसमे लिखा था की किसान को 10 लाख रूपये मिलेंगे । पिछले वर्ष वर्षा अच्छी हुई थी और फसल भी अच्छी हुई थी ।किसान को उसके मेहनत का फल मिला था । वह ख़ुशी से फूला नही समाया । उसने अपने पुत्र को पत्र दिखाया और बताया की खून पसीना एक करने पर उसका फल अवश्य मिलता है ।

एक दिन ग्राम पंचायत का चुनाव हुआ , रमेश ने मोतीलाल नाम के एक आदमी पर शर्त लगाई थी । लेकिन वह हार गया , और अब उसे अपने मीयत को ५० हज़ार रूपये देना था । रमेश ने घर लौटकर पिताजी से पैसे मांगे । किसान थोडा परेशान हो गया , लेकिन उसने पैसे दे दिए ।रमेश बार - बार शर्त लगाकर हारता था और धीरे - धीरे पैसे कम होते गये । किसान अब बहुत परेशान होने लगा । उसने कहा ," बीटा , तुम मेरे अँधेरे घर का उजाला हो , ये रूपये कमाने के लिए हमने एड़ी- छोटी का पसीना एक किया है । अब इसे नहीं खोना चाहिए । लेकिन बीटा पीठ दिखाकर चला गया ।

कुछ दिन बाद गाँव में चोरी हो गयी ।सब लोगों ने रमेश पर दोष लगाया ।जब किसान को पता चला कि लोग उसके बेटे को चोर बोल्राहे हैं , तो वह गुस्से से लाल- पीला हो गया । उसने कहा ," इस चोरी के लिए मेरे पुत्र पर क्यों दोष लगा रहे हो ? इस गाँव के लिए वह अपनी जान हथेली पर रखने को तयार है ।

क) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखें , कारण सहित ?

उपयुक्त शीर्षक कारण सहित लिखें

ख) पढ़ाई हमारे जीवन में ज़रूरी क्यों है ?

पढाई के महत्त्व को बताते हुए कुछ पंक्तियाँ लिखें

ग) लोगों ने रमेश को चोरी के लिए क्यों दोष दिया , आपका क्या मानना है ?

अपनी राय लिखते हुए कारन लिखें

घ) आपके अनुसार माँ-बाप द्वारा कमाये हुए धन पर पुत्र का अधिकार कब होना चाहिए ? सकारण लिखें

अपनी राय लिखें

ड) किसान को किस बात की चिंता हुई और क्यों ?

किसान को चिंता हुई कि उसका बीटा आलसी है और जीवन में समय , पढाई और पुरुषार्थ के महत्त्व को नहीं समझ पा रहा ।